फर्द अहकाम

कार्यालय सहायक कलक्टर(SDO) मावली, उदयपुर

प्रार्थी :– श्री उदयलाल **विपक्षी :– राज्य**

किस्म मुकदमा – 136 भू.रा.अधि. **पत्रावली संख्या : 36/19**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 14.10.2020 पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थीगण व राजपेरोकार उपस्थित। राजपेरोकार द्वारा उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत कर प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाने पर कोई विशेष आपत्ति जाहिर नहीं की। उभय पक्षकारान को सुना गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। दस्तावेजात का अध्ययन किया। प्रार्थीगण द्वारा राजस्व रेकार्ड में प्रार्थीगण के दादा का नाम वगता गलत अंकित होना बताया जिसे दुरूस्त किया जाने का निवेदन किया। राजपैरोकार मावली द्वारा जवाब प्रस्तुत कर नाम गलत अंकित होने से उसे संशोधन किया जाने हेतु कोई आपत्ति जाहिर नहीं की है। प्रार्थीगण द्वारा प्रार्थना पत्र के समर्थन में जमाबन्दी सम्वत् 2070–73, जमान्दी सम्वत् 2058–61, प्रार्थीगण के पिता चुना का मतदाता पहचान पत्र, प्रार्थीगण के पिता चुना का आधार कार्ड, ग्राम पंचायत विजनवास का सरपंच द्वारा प्रमाणित सजरा, जमाबन्दी सेटलमेन्ट विभाग सम्वत् 2010 प्रस्तुत कर नाम संशोधन किया जाने का निवेदन किया। प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत पहचान पत्र दस्तावेज में प्रार्थीगण के दादा का नाम वगता अंकित है। उक्त प्रस्तुत दस्तावेजों में प्रार्थीगण के दादा का नाम वगता होना जाहिर आया हैं। राजपेरोकार द्वारा नाम संशोधन में कोई आपत्ति जाहिर नहीं की हैं। प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर प्रार्थीगण के दादा का नाम राजस्व रेकार्ड में गलत अंकित होने से सही किया जाना उचित प्रतीत होता हैं। अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य पाया जाता हैं। **–: आदेश :–** परिणामस्वरूप प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू. राजस्व अधिनियम का स्वीकार किया जात है कि मौजा विजनवास पटवार हल्का विजनवास की आराजी नम्बर 242, 268, 336, 341, 342, 398 किता 6 रकबा 28 बीघा 4 बिस्वा भूमि में खातेदार चुना पिता वरदा के बजाय चुना पिता वरदा उर्फ वगता संशोधन किया जावे। पालना हेतु तहसीलदार मावली को लिखा जावें। पत्रावली फैसल सुमार होकर नम्बर से कम हो । निर्णय खुले ईजलास लिखा जाकर सुनाया गया। **(रमेश सीरवी पुनाड़िया)** **सहायक कलक्टर** **(SDO)मावली**	

Signature Not Verified

Digitally signed by Ramesh Sirvi Punadia
Date: 2020.10.21 10:34:56 IST
Reason: SelfAttested